# क्षेत्रीय रेशम प्रौद्योगिकी अनुसंधान केन्द्र
केंद्रीय रेशम प्रौद्योगिक अनुसंधान संस्थान
केंद्रीय रेशम बोर्ड (वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार)
पार्थसारथी नगर, रेगाटिपल्ली रोड, धर्मावरम, श्री सत्यसाई जिला (आं. प्र.)-515671
## Regional Silk Technological Research Station
Central Silk Technological Research Institute
Central Silk Board (Ministry of Textiles, Government of India)
Parthasaradhi Nagar,Regetipalli Road, Dharmavaram, Sri SathyaSai Dist. (A.P)-515671
Phone: 9441582918 | ई-मेल/ E-mail: scth_dmm@yahoo.co.in, rstrsdmm@gmail.com


RIGHT TO INFORMATION

**क्रमांक: सीएसबी/सीएसटीआरआई/आरएसटीआरएस/डीएमएम/रेशम स्टॉक एवं नीलामी/2026-27/** **दिनांक: 10.08.2026**

## सीलबंद निविदा आमंत्रण सूचना

## सीलबंद निविदा के माध्यम से परीक्षित रेशम अपशिष्ट के निस्तारण हेतु

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्षेत्रीय रेशम प्रौद्योगिकी अनुसंधान स्टेशन, सीएसटीआरआई, केंद्रीय रेशम बोर्ड, धर्मावरम द्वारा परीक्षित रेशम अपशिष्ट सामग्री का निस्तारण सीलबंद निविदा के माध्यम से "जहाँ है, जैसा है" के आधार पर किया जाना है। स्थान: क्षेत्रीय रेशम प्रौद्योगिकी अनुसंधान स्टेशन, सीएसटीआरआई, केंद्रीय रेशम बोर्ड परिसर, रेगटिपल्ली रोड, सरकारी कोकून मार्केट के पीछे, धर्मावरम, आंध्र प्रदेश – 515671

| क्र. सं. | निस्तारित की जाने वाली सामग्री का नाम | मात्रा (किलोग्राम में) | सामग्री स्थित होने का पूर्ण पता |
|---|---|---|---|
| 1. | ट्विस्टेड सिल्क | 12.75 | क्षेत्रीय रेशम प्रौद्योगिकी अनुसंधान स्टेशन (आरएसटीआरएस), सीएसटीआरआई, केंद्रीय रेशम बोर्ड परिसर, रेगटिपल्ली रोड, सरकारी कोकून मार्केट के पीछे, धर्मावरम – 515671 |
| 2. | कच्चा रेशम | 42.80 | क्षेत्रीय रेशम प्रौद्योगिकी अनुसंधान स्टेशन (आरएसटीआरएस), सीएसटीआरआई, केंद्रीय रेशम बोर्ड परिसर, रेगटिपल्ली रोड, सरकारी कोकून मार्केट के पीछे, धर्मावरम – 515671 |
| 3. | वेस्ट सिल्क एवं किलचास | 13.83 | क्षेत्रीय रेशम प्रौद्योगिकी अनुसंधान स्टेशन (आरएसटीआरएस), सीएसटीआरआई, केंद्रीय रेशम बोर्ड परिसर, रेगटिपल्ली रोड, सरकारी कोकून मार्केट के पीछे, धर्मावरम – 515671 |
| | कुल वजन (किलोग्राम में) | **69.38** | |

**कृ.पृ.प.**

उक्त सीलबंद निविदा हेतु नियम एवं शर्तें निम्नानुसार हैं:

## नियम एवं शर्तें:

1. इच्छुक पक्ष उपर्युक्त सामग्री का भौतिक निरीक्षण, उपर्युक्त पते पर सभी कार्य दिवसों में **दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक**, दिनांक **30.08.2026** तक कर सकते हैं।
2. इच्छुक निविदाकार अपनी सीलबंद निविदा दिनांक **31.08.2026 को शाम 05:00 बजे तक** आरएसटीआरएस, सीएसटीआरआई, सीएसबी, धर्मावरम में वैज्ञानिक-बी को प्रस्तुत करें। सीलबंद निविदा में निविदाकार द्वारा प्रस्तावित मूल्य/दर, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की प्रतियां तथा बैंक विवरण संलग्न होना चाहिए।
3. सीलबंद निविदा के लिफाफे के ऊपर **"परीक्षित रेशम अपशिष्ट के निस्तारण हेतु कोटेशन"** तथा पूछताछ पत्र संख्या एवं सीलबंद निविदा खोलने की तिथि अंकित की जानी चाहिए।
4. सीलबंद निविदाएं दिनांक **07.09.2026 को प्रातः 11:00 बजे** क्षेत्रीय रेशम प्रौद्योगिकी अनुसंधान स्टेशन (आरएसटीआरएस), सीएसटीआरआई, केंद्रीय रेशम बोर्ड परिसर, रेगटिपल्ली रोड, सरकारी कोकून मार्केट के पीछे, धर्मावरम – 515671 में खोली जाएंगी।
5. सीलबंद निविदा/कोटेशन केवल सीलबंद लिफाफे में डाक/कूरियर/हस्त सुपुर्दगी के माध्यम से भेजी जा सकती है, जो निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय से पहले इस कार्यालय में प्राप्त हो जानी चाहिए।
6. यह माना जाएगा कि सीलबंद निविदा में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों/निविदाकारों ने क्षेत्रीय रेशम प्रौद्योगिकी अनुसंधान स्टेशन (आरएसटीआरएस), सीएसटीआरआई, सीएसबी, धर्मावरम में रखी उपर्युक्त सभी सामग्री का निरीक्षण कर लिया है। इस संबंध में किसी प्रकार की असहमति स्वीकार नहीं की जाएगी।
7. किसी भी प्रकार की **विभाजित नीलामी (Split Auction)** की अनुमति नहीं होगी। सफल उच्चतम निविदाकार (H1) की यह जिम्मेदारी होगी कि वह धर्मावरम स्थित आरएसटीआरएस परिसर में रखी नीलाम की गई सामग्री को अपने खर्चे पर उठाकर ले जाए।
8. केवल पार्टी द्वारा प्रस्तुत **उच्चतम निविदा दर** को स्वीकार किया जाएगा। सफल उच्चतम निविदाकार (H1) को सामग्री हटाने की स्वीकृति की सूचना सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद ही दी जाएगी।
9. सफल उच्चतम निविदाकार (H1) को पूर्ण प्रस्तावित राशि उसी दिन डिजिटल माध्यम से **खाता संख्या 1123960044, IFSC: CBIN0283975** में जमा करनी होगी अथवा **"The Director, CSTRI, Bangalore"** के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा करनी होगी।
10. सफल निविदाकार (H1) द्वारा कुल बोली/प्रस्तावित राशि जमा करने के पश्चात नीलाम की गई सामग्री को **48 घंटे के भीतर अपने खर्चे पर** हटाना होगा। आरएसटीआरएस, सीएसटीआरआई, सीएसबी, धर्मावरम द्वारा किसी प्रकार की सहायता/परिवहन की व्यवस्था नहीं की जाएगी। सामग्री उच्चतम निविदाकार को सौंपे जाने के पश्चात किसी भी अप्रिय घटना के लिए आरएसटीआरएस, सीएसटीआरआई, सीएसबी, धर्मावरम जिम्मेदार नहीं होगा। सामान्य अवकाश, द्वितीय शनिवार एवं रविवार आदि के दिन परिसर से निस्तारित सामग्री बाहर ले जाने की अनुमति नहीं होगी।
11. लागू **GST की राशि सफल उच्चतम निविदाकार द्वारा कोट की गई/बोली राशि के अतिरिक्त** भुगतान की जाएगी।
12. सामग्री को स्थानांतरित करते समय भवन/फिक्सचर को हुई किसी भी क्षति के लिए निविदाकार जिम्मेदार होगा तथा क्षति की मरम्मत की लागत उससे वसूल की जाएगी।
13. यदि उच्चतम निविदाकार (H1) बोली की पूरी राशि जमा करने में असफल रहता है अथवा निर्धारित समय के भीतर सामग्री उठाने में असफल रहता है, तो सामग्री उठाने का अवसर अगले उच्चतम निविदाकार को उस असफल उच्चतम निविदाकार (H1) द्वारा प्रस्तुत दर पर दिया जाएगा।
14. **केंद्रीय रेशम बोर्ड के कर्मचारी** नीलामी प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकते।
15. निविदा में **कुल सामग्री का आइटमवार मूल्यांकन** किया जाएगा। किसी भी प्रकार का विभाजित मूल्यांकन (Split Evaluation) नहीं किया जाएगा।

कृ.पृ.प.

16. किसी विवाद/संदेह की स्थिति में **निदेशक, सीएसटीआरआई, बेंगलुरु द्वारा गठित समिति का निर्णय** सभी निविदाकारों के लिए अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
17. निदेशक, CSTRI, बेंगलुरु द्वारा गठित समिति को बिना कोई कारण बताए किसी भी नीलामी प्रस्ताव/कोटेशन को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। समिति का निर्णय अंतिम होगा तथा इस संबंध में किसी भी पक्ष से प्राप्त पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

भवदीय,
ह/-

[संजीव गुप्ता]
वैज्ञानिक-बी एवं प्रभारी
आरएसटीआरएस, धर्मावरम

प्रति,

- संभावित संबोधित व्यक्तियों की सूची

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रति प्रेषित:

1. निदेशक, केरेप्रौअसं, केरेबो, बेंगलुरु — सादर सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. सहायक निदेशक, कंप्यूटर अनुभाग, केरेप्रौअसं, केरेबो, बेंगलुरु — सादर सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि उक्त सीलबंद निविदा सूचना को केरेप्रौअसं, केरेबो एवं ई-पब्लिश वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपा करें।

[संजीव गुप्ता]
वैज्ञानिक-बी एवं प्रभारी
आरएसटीआरएस, धर्मावरम